मुख्यमंत्री सीहोर जिले के आमोन में महालक्ष्मी नारायण यज्ञ में शामिल हुए

# परमात्मा की प्राप्ति ही मनुष्य के जीवन का अंतिम उद्देश्य : चौहान

भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि परमात्मा की प्राप्ति के लिए तीन मार्ग बताए गए हैं-ज्ञान मार्ग, भक्ति मार्ग और कर्म मार्ग। संत ज्ञान मार्ग से ईश्वर को प्राप्त करते हैं, भक्ति मार्ग से भी भगवान की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही कर्म मार्ग से भी ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को कर्म मार्ग पर चलने की कोशिश करना चाहिए।**

श्री चौहान बुधनी विकासखण्ड के ग्राम आमोन में महालक्ष्मी नारायण यज्ञ में शामिल हुए और संतों का आशीर्वाद लिया। श्री चौहान ने कहा कि भगवान ने जो काम अपने लिए निश्चित कर दिया है उसको मेहनत और ईमानदारी से करेंगे तो भगवान को प्राप्त करना आसान होगा। यदि किसान पूरी मेहनत और लगन से खेती कर फसल उगाए, डॉक्टर निस्वार्थ भाव से मरीजों का इलाज करें और शिक्षक ईमानदारी से बच्चों को शिक्षा प्रदान करेंगे तो कर्म के मार्ग पर चलते हुए ईश्वर की प्राप्ति की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक जमाना था जब महिलाएँ घर से नहीं निकलती थी, पुरूष ही अक्सर चुनाव लड़ा करते थे। प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिए स्थानीय निर्वाचन में महिलाओं को 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया। इसके फलस्वरूप आज अनेक नगर एवं ग्राम पंचायतों में महिलाएँ जन-प्रतिनिधि के रूप में जनता की सेवा कर रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बहनें अपनी छोटी-छोटी जरूरतों को खुद ही पूरा कर सके, इसके लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बनाई गई है। सभी महिलाओं के पंजीयन का



कार्य सुनिश्चित किया गया है और 10 जून से पात्र महिलाओं के खातों में प्रतिमाह एक हजार रूपए की राशि योजना के तहत डाली जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब माता-पिता के प्रतिभावान बच्चों की पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना संचालित की है जिसमें सरकार द्वारा विद्यार्थियों की फीस भरी जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को ब्याज की चिंता से मुक्ति दिलाने के लिए डिफाल्टर किसानों का ब्याज भी राज्य सरकार द्वारा भरा जाएगा। श्री चौहान ने कहा कि सलकनपुर में देवीलोक बनने जा रहा है। इसके लिए 29 से 31 मई तक तीन दिवसीय देवीलोक महोत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से अपील की कि 16 मई से गाँव-गाँव में रथ आएगा, जिसमें सभी घर से एक शिला (ईंट) देवी लोक के लिए भेंट करना है, जिससे देवीलोक के निर्माण में सभी नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। साथ ही तीन दिवसीय देवीलोक महोत्सव में भी सभी लोग शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाये और देवी विजयासन का आशीर्वाद प्राप्त करें। मुख्यमंत्री ने ग्रामवासियों से संवाद के दौरान अनेक निर्माण एवं विकास कार्यों की घोषणा भी की।

श्री चौहान ने महालक्ष्मी नारायण यज्ञ में महंत नरेन्द्रानंद सरस्वती महाराज, महंत महावीरदास ब्रह्मचारी महाराज और मानस मोहिनी संध्या तिवारी से आशीर्वाद लिया। चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, सांसद रमाकांत भार्गव, सिलवानी विधायक रामपाल सिंह, पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह राजपूत, सलकनपुर ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश उपाध्याय मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री कौशल कमाई योजना में युवाओं को प्रतिष्ठित लॉ फर्म और वकीलों से संबद्ध किया जाएगाः शिवराज

भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि युवाओं के कौशल उन्नयन से उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए लागू की जा रही मुख्यमंत्री कौशल कमाई योजना में युवाओं को प्रतिष्ठित लॉ फर्म तथा वकीलों से भी संबद्ध किया जाएगा।**

इस अप्रेंटिसशिप से वे वकालत तथा विधि से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में दक्षता अर्जित कर सकेंगे और रोजगार के साथ युवाओं के स्वावलंबन के अवसर भी बढ़ेंगे। श्री चौहान से आज स्टेट बार कॉउंसिल के प्रतिनिधि-मंडल ने निवास कार्यालय पर भेंट की।



सर्वश्री विजय चौधरी, राजेश व्यास, संजय गुप्ता, प्रेमसिंह भदौरिया सहित अन्य अभिभाषक उपस्थित थे। श्री चौहान ने कहा कि शीघ्र ही वकील पंचायत बुला कर संवाद किया जायेगा। प्रतिनिधि-मंडल ने वकीलों के कल्याण संबंधी माँगें प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि माँगों पर विचार कर निर्णय लिया जाएगा।

## भोपाल मण्डल द्वारा ग्रीन एनर्जी एवं ऊर्जा संरक्षण की दिशा में किए गए अनुकरणीय कार्य

**भोपाल ( काप्र )।** मण्डल रेल प्रबन्धक सौरभ बंदोपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में विद्युत विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 के दौरान ग्रीन एनर्जी एवं ऊर्जा संरक्षण की दिशा में अनुकरणीय कार्य किये गए हैं। जिससे ऊर्जा उत्पादन के साथ साथ रेल राजस्व की भी बचत हो रही है। मण्डल में राजस्व की बचत एवं ऊर्जा संरक्षण की दृष्टि से कार्य करते हुए मंडल के 12 स्टेशनों पर 5 किलोवॉट ग्रिड कनेक्टेड सौर ऊर्जा संयत्र लगाए गए एवं गंजबासौदा स्टेशन मे 5 किलोवॉट का ऑफ ग्रिड सौर ऊर्जा संयत्र लगाया गया। इनसे महीने में लगभग 8380 यूनिट्स बिजली पैदा हो रही है। जिससे लगभग रुपये 9.00 लाख की सालाना बचत होगी। इसके अतिरिक्त एक विंड सोलर हाइब्रिड प्लांट विदिशा स्टेशन पर भी लगाया गया है, जो कि भोपाल मण्डल का एक और नवकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन देने के लिए उठाया गया कदम है। गत वर्ष में लगभग 650 बीएलडीसी पंखे प्लेटफॉर्म एवं स्टेशन/सर्विस बिल्डिंग में लगाए गए। ये पंखे कन्वेन्शनल पंखों से कम बिजली खपत करते है। इन पंखों के इस्तेमाल से वर्ष में लगभग रुपये 11 लाख की बचत होगी। प्रधानमंत्री के अनुसार, प्रत्येक राज्य में एक शहर को नेट ज़ीरो सौर शहर के रूप में विकसित किया जाना है। इस योजना के तहत मध्य प्रदेश ने सांची को नेट जीरो सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के लिए चिन्हित किया है।

## हर व्यक्ति के सर पर होगी पक्की छतः डॉ. मिश्रा

भोपाल (काप्र)।

**हजार रूपये की राशि के चेक वितरित किये। डॉ. मिश्रा ने कहा कि सरकार सभी के सर्वांगीण विकास के लिये प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभान्वित किया जाकर पक्की छत उपलब्ध कराई जायेगी।**

सभी का अपना आवास होगा। उन्होंने 32 लाख 80 हजार रूपये की लागत के 2 निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया। डॉ. मिश्रा ने मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना में दतिया निवासी साहब सिंह पुत्र स्व. परम लोधी को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। डॉ. मिश्रा ने दतिया के वृंदावन धाम में प्रधानमंत्री




आवास योजना के हितग्राहियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त की राशि वितरित की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मार्गदर्शन में सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की अवधारणा को शत-प्रतिशत चरितार्थ किया जा रहा है। आवास योजना में पक्के आवास उपलब्ध कराये जा रहे है। गरीबों को आवश्यक मदद की जा रही है। मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना में तीर्थ यात्रियों को अब हवाई सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

## आईओए पीडियाट्रिक ऑर्थो ट्रॉमा सीएमई का आयोजन

भोपाल (काप्र)।

**आर्थोपेडिक्स विभाग, एम्स द्वारा 13 मई से भोपाल ऑर्थोपेडिक सर्जन सोसाइटी के सहयोग से इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक सब-कमेटी और आईओए के एमपी चैप्टर के तत्वावधान में आईओए पीडियाट्रिक ऑर्थो ट्रॉमा सीएमई का आयोजन का आरंभ किया गया।**

इसके एक भाग के रूप में, 13 मई 2023 को क्लबफुट उपचार के पोंसेटी पद्धति में आर्थोपेडिक सर्जनों के प्रशिक्षण के लिए एक कार्यशाला का आयोजन क्योर इंडिया के सहयोग से किया गया, जो भारत में क्लबफुट के कारण होने वाली विकलांगता के उन्मूलन के लिए समर्पित एक गैर सरकारी संगठन है, जिसके साथ एम्स भोपाल ने एक समझौता ज्ञापन किया है। कार्यशाला में 80 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के स्नातकोत्तर छात्र और वरिष्ठ रेजिडेंट और मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों के डॉक्टर शामिल थे। इसके अलावा अन्य राज्यों के प्रतिभागी भी उपस्थित थे। प्रोफेसर अजय सिंह, कार्यपालक निदेशक और एम्स भोपाल के सीईओ, जो स्वयं एक बाल चिकित्सा आर्थोपेडिक सर्जन हैं, ने प्रतिभागियों को संबोधित किया और क्लबफुट वाले बच्चों की पहचान, उपचार और प्रबंधन की बारीकियों के बारे में जानने के लिए आर्थोपेडिक डॉक्टरों की आवश्यकता पर चर्चा की। क्लबफुट वाले बच्चे में विकृति न केवल बच्चे बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जहां विकसित देशों में विकृति जल्दी पकड़ में आ जाती है, वहीं भारत में निदान में कमियां हैं। उन्होंने यह भी बताया कि क्लबफुट के इलाज के लिए पोंसेटी विधि आसान, सस्ती, और सुरक्षित विधि है, इसलिए किसी को सीधे सर्जरी नहीं करनी चाहिए।

नई दिल्ली के डॉ. मैथ्यू वर्गीज और डॉ. विकास गुप्ता कार्यशाला के फैकल्टी थे। वे अतीत में इलाज के पोंसेटी पद्धति पर पूरे भारत में डॉक्टरों को प्रशिक्षित करते रहे हैं। कार्यशाला के आयोजन में एम्स भोपाल से डॉ. रेहान उल हक और हड्डी रोग विभाग के फैकल्टी ने योगदान दिया। डॉ प्रतीक बेहरा, एम्स भोपाल के रिसोर्स पर्सन थे। प्रारंभिक व्याख्यानों के बाद, प्रतिभागियों ने रोगियों पर डॉ. मैथ्यू और डॉ. विकास द्वारा किए गए प्रदर्शन से कास्टिंग तकनीक के चरणों को सीखा और बच्चों के विकृत पैरों के विशेष रूप से बनाए गए रबर मॉडल पर कास्टिंग के लिए आवश्यक कौशल का प्रदर्शन किया। उन्होंने फैकल्टी की देखरेख में प्लास्टर लगाया और अपनी शंकाओं का समाधान किया। फुट एबडक्शन ब्रेस की चर्चा और रिलैप्स को रोकने के लिए ब्रेसिंग प्रोटोकॉल का पालन करने की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। सवाल-जवाब और फीडबैक सत्र के बाद कार्यशाला का समापन हुआ।



पचमढ़ी में साहसिक एवं जल-पर्यटन में संभावनाओं पर कार्यशाला

## प्रदेश में साहसिक पर्यटन की अपार संभावनाएंः शुक्ला



भोपाल (काप्र)।

**प्रदेश में जल, वायु एवं भूमि आधारित पर्यटन गतिविधियाँ शुरू करने की अपार संभावनाएँ हैं। प्रदेश में 22 विशाल जल संरचनाएँ हैं, जहाँ वाटर एडवेंचर एक्टिविटिज संचालित की जा सकती हैं। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने यह बात पचमढ़ी स्थित एमपीटी ग्लेन व्यू होटल में साहसिक एवं जल-पर्यटन में संभावनाओं पर कार्यशाला में कही।**

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड, पचमढ़ी में प्रदेश में साहसिक एवं जल-पर्यटन को बढ़ावा देने एवं नवीन साहसिक गतिविधियाँ शुरू करने के उद्देश्य से 2 दिवसीय कार्यशाला कर रहा है। श्री शुक्ला ने कहा कि वर्तमान में 5 जल संरचनाओं पर यह गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। उन्होंने पूरे प्रदेश से आए एडवेंचर टूर आपरेटर्स, एडवेंचरस एक्टिविटिज का संचालन करने वाली संस्थाओं के संचालकों एवं होटल मालिकों को प्रदेश की पर्यटन संभावनाओं एवं नवाचारों से अवगत कराया। पर्यटकों की सुविधाओं की दृष्टि से सभी व्यवस्था, बुकिंग्स एवं टूर ऑपरेटर्स की उपलब्धताओं को ऑनलाइन किया जाना समय की मांग है।

**कॉम्बो पैक है मध्यप्रदेश :** म.प्र. पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश पर्यटन की दृष्टि से कॉम्बो पैक है। यह एक ऐसी थाली है, जिसमें सब कुछ है। अब तेजी से परिस्थितियाँ बदल रही हैं और मप्र एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित हो चुका है।

**एडवेंचरस एक्टिविटिज का गढ़ है पचमढ़ीः** नर्मदापुरम जिले के कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने कहा कि नर्मदापुरम जिला खासकर पचमढ़ी प्रदेश में एडवेंचरस एक्टिविटिज का गढ़ है। कार्यशाला में पहुँचे पेशेवरों के सुझावों की मदद से सुविधाओं एवं नई गतिविधियाँ शुरू की जाएंगी। जिले में पचमढ़ी, चूरना, तवा, मढ़ई इत्यादि प्रमुख पर्यटन स्थल मौजूद हैं। यहाँ प्रत्येक वर्ष होने वाली मैराथन, साइकिलिंग जैसी गतिविधियाँ देशभर में लोकप्रिय हैं। चूरना, तवा, सोहागपुर एवं पचमढ़ी के बीच साइकिलिंग गतिविधि को बढ़ावा दिया जाएगा। एडवेंचर टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष तेजबीर सिंह आनंद, आईआईटीटीएम गोवा के प्रोफेसर (पर्यटन) एवं नोडल अधिकारी प्रो. सुतीशना बाबू एस. सहित देशभर के विभिन्न क्षेत्रों के टूर और ट्रेवल ऑपरेटर उपस्थित रहे।

## मल्टी में आगजनी करने वाला बदमाश गिरफ्तार

**भोपाल ( काप्र )।** शाहपुरा थाना इलाके में 12 नंबर स्टॉप स्थित मल्टी नंबर 118 में आगजनी की घटना में पुलिस ने एक निगरानी बदमाश को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि पकड़े गये बदमाश ने ही अपने साथियों के साथ मिलकर पुरानी रंजिश के चलते मारीपट करते हुए वाहनो में आग लगाई थी। जानकारी के अनुसार मल्टी नंबर 118 में रहने वाली फरियादी शाबाना खान पत्नी इस्माईल खान (38) ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया था कि गृहणी होने के साथ ही कढ़ाई और सिलाई का काम करती हैं। गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात फ्लैट के बाहर के धमाके की आवाज आने पर उन्होंने खिड़की से बाहर झांककर देखा तो नीचे खड़ी उनकी एक्टिवा, पति इस्लाम और पड़ोसी तीरथ, गोपाल वर्मा, गिरधारी, राहुल की बाइको सहित राहुल प्रजापति के बच्चे की साइकल जल रही थी। उसे आरोपी अजय और उसका दोस्त सोनू सहित सहित तीन अन्य युवक भागते हुए नजर आये। तेजी से फैलत आग ने उनके फ्लैट के मेन दरवाजे, पर्दे तथा बिजली के मीटर को अपनी चपेट में ले दिया। वहीं आस पास के घरों पंखे, बिजली की लाइन और दीवारें भी जली हैं। फ्लैट के गेट पर आग लगी होने के कारण वह बाहर नहीं निकल पा रहे थे। आस-पास के लोगों ने समय रहते जैसै-तैसै आग को बुझाया, जिसके चलते उनके परिवार की जान हादसे का शिकार होने से बच गई। घटना कि शिकायत मिलने पर मामला कायम कर पुलिस ने अजय को गिरफ्तार कर लिया, वहीं उसके साथी सोनू सहित अन्य आरोपियो की तलाश की जा रही हैं। आसपास के लोगो का कहना है कि आरोपी नशे के आदि हैं। और पूर्व में भी कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। लेकिन सख्त कार्रवाई न होने से बदमाशो के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

## बेहतर शिक्षा एक बेहतर समाज का निर्माण करती हैः तोमर



भोपाल (काप्र)।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने ग्वालियर के फोर्ट रोड स्थित कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के समर केम्प के समापन पर कहा कि शिक्षा हमें बेहतर इंसान बनाती है, जिसकी बदौलत हम समाज में बेहतर माहौल बनाने में अपनी भूमिका अदा करते हैं। साथ ही अपने शहर और माँ-बाप का नाम रोशन करते हैं। श्री तोमर ने कहा कि आज ग्वालियर विधानसभा में 2 सीएम राइज स्कूल हैं।

उन्होंने चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता छात्रा को 3100 रूपये और अन्य विजेता छात्राओं को 2100 रूपये पुरस्कार दिया। उन्होंने घोषणा की कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडियट में 90 प्रतिशत अंक लाने पर पुरस्कार राशि और प्रशंसा प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया जायेगा।श्री तोमर ने कहा ग्वालियर विधानसभा में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन आगामी माह में किया जायेगा।

## भिंड में विद्युत विकास कार्यों के लिए 180 करोड़ स्वीकृत

**भोपाल ( काप्र )। मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के भिंड जिले में विद्युत अधोसंरचना को सुदृढ़ करते हुए विद्युत हानियों को कम करने के उद्देश्य से 180 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये हैं।**

केन्द्र सरकार द्वारा रिवेम्ड् कर डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत प्रथम चरण में 140 करोड़ रूपये के कार्य स्वीकृत किये गए हैं। वहीं इसके अतिरिक्त प्रणाली सुदृढ़ीकरण योजना के माध्यम से विद्युत अधोसंरचना कार्यों के लिए 40 करोड़ रूपये स्वीकृत किए गए हैं। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि स्वीकृत राशि से कराये जाने वाले कार्यों में अति उच्च दाब पॉवर ट्रांसफार्मर की स्थापना, 42 किलोमीटर 132 के.व्ही अति उच्च दाब लाइन का निर्माण, 6 नवीन 33/के.व्ही उपकेन्द्र निर्माण एवंवोल्टेज व्यवस्था में सुधार के लिए 25 स्थानों पर कैपेसिटर बैंक की स्थापना, दो 33/11 के.व्ही उपकेन्द्रमें क्षमता वृद्धि एवं अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफॉर्मर स्थापना,66 किलोमीटर 33 एवं 11 के.व्ही उच्च दाब फीडर्स का निर्माण कार्य सम्मिलित है। भिंड जिले में विद्युत अधोसंरचना को सुदृढ़ करते हुए विद्युत हानियों को कम करने के उद्देश्य से कराये जा रहे इन कार्यों के पूर्ण होने से एक ओर जहाँ विद्युत वितरण प्रणाली मजबूत होगी वहीं दूसरी ओर विद्युत हानियां कम होकर प्रणाली की क्षमता वृद्धि से उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज पर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

